NATIONAL MEDIA CONFERENCE & RETREAT

'Promoting Yoga and Spirituality - Role of Media'

5 – 9 June, 2015 Venue- Gyan Sarovar Academy, Mt. Abu (Raj) India

Organised & Hosted By:

* Media Wing, Rajyoga Education & Research Foundation
* Prajapita Brahma Kumari Ishwariya Vishwa Vidyalaya

Cell: 94141-56615 / 99287-56615 / 94133-84884 Tel: 02974-238615
Email : mediawing@bkivv.org / mediawing@gmail.com Website: http://mediawing.org

मधुबन **ओम् शान्ति** **दिनांक 24/2/2015**

सदा विश्व कल्याण की सेवा में तत्पर, विश्व सेवाधारी सेवाकेन्द्रों की निमित्त बहनें, मीडिया विंग के सदस्य तथा सर्व भाई-बहनें, ईश्वरीय याद स्वीकार करना जी।

प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ज्ञान सरोवर, माउण्ट आबू में 5 से 9 June, 2015 तक 'योग और **अध्यात्म** के प्रगति में मीडिया की भूमिका' **'Promoting Yoga and Spirituality - Role of Media'** विषय पर **मीडिया कान्फ्रेन्स एवं रिट्रीट** का आयोजन किया गया है। जिसमें 400 विशिष्ट मीडियाकर्मी भाग लेंगे। इस कॉन्फ्रेन्स में प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक तथा साइबर मीडिया जैसे - समाचार पत्र, पत्रिकाओं के मालिक, प्रकाशक, सम्पादक, सहायक सम्पादक, उपसम्पादक,संयुक्त सम्पादक, ब्यूरो प्रमुख, रेडियो, टी.वी. (दूरदर्शन तथा अन्य प्राईवेट टी.वी. चैनल्स) के डायरेक्टर, कार्यक्रम अधिकारी, समाचार सम्पादक, वेब सम्पादक, प्रतिष्ठित स्तम्भ लेखक, राज्य व केन्द्र के सूचना मंत्रालय तथा सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारी, सूचना निदेशक, वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी तथा मीडिया के प्रोफेशर्स आदि को इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं।

निमित्त टीचर्स बहनें डेलिगेटस भेजते समय निम्नलिखित बातों का अवश्य ध्यान दें

1. डेलिगेट्स के रजिस्ट्रेशन फार्म्स मीडिया विंग ऑफिस, पाण्डव भवन में भेजना अनिवार्य है।
2. ज्ञानसरोवर में आवास-निवास की सीमित व्यवस्था होने के कारण समय से पहले रजिस्ट्रेशन अवश्य करवा लें, पाण्डव भवन में भी इस वर्ष बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसलिए वहां भी यह सुविधा नहीं मिल सकेगी। बिना रजिस्ट्रेशन फार्म भेजे किसी भी डेलिगेटस को केवल चिट्ठी देकर न भेजें। किसी मेहमान का कार्यक्रम रद्द हो जाए तो उसकी सूचना तुरन्त ही दें ताकि अन्य किसी को अवसर दिया जा सके।
3. डेलिगेट्स के साथ गाइड का आना जरूरी है जिससे उनकी सेवा ठीक से हो सके।
4. जो भी मीडियाकर्मी सम्मेलन में भाग लेना चाहते है, उनके पहचान पत्र (Press I-Card) की फोटोकापी रजिस्ट्रेशन फार्म के साथ अवश्य लगाकर भेजें।
5. मीडियाकर्मियों को लाने से पहले उन्हें यह जरूर बतायें कि यहां धूम्रपान, मद्यपान, तम्बाकु तथा नशीली वस्तुओं का सेवन करना सख्त मना है। जो इनके बिना नहीं रह सकते कृपया उन्हें न लायें।
6. मीडियाकर्मियों के अलावा दूसरे किसी भी वर्ग के डेलिगेट्स एवं परिवार के सदस्यों को लाना मना है।
7. यदि आप किसी मीडिया से सम्बन्धित व्यक्ति-विशेष को स्पीकर्स के रूप में आमंत्रित करना चाहते हैं तो आप बी.के.शान्तनु भाई से सम्पर्क करें।
8. शांतिवन में होने वाले वार्षिक मीटिंग के दौरान आपको कॉन्फ्रेंस के फोल्डर दिए जाएंगे। यदि आपको अपने संबंधित सेवाकेंद्र के लिए फोल्डर चाहिए तो आप मीडिया विंग ऑफिस, आनंद भवन, शांतिवन से प्राप्त कर सकते हैं।

कॉन्फ्रेस फोल्डर, रजिस्ट्रेशन तथा अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:

बी.के.शान्तनु, मुख्यालय संयोजक, मीडिया प्रभाग, पाण्डव भवन, माउण्ट आबू

Mob: 9414156615 / 9928756615 / 9982388657

Email: mediawing@bkivv.org

ईश्वरीय सेवा में,

बी.के.ओम प्रकाश
अध्यक्ष, मीडिया प्रभाग

बी.के. करूणा
उपाध्यक्ष, मीडिया प्रभाग